**अभियान** | लांजी से गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग अभियान का शुभारंभ

# बालाघाट में शुरू हुई क्रिस्प की सुहास परियोजना

**नवभारत, लांजी।** ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) एवं मधुमेह (डायबिटीज) जैसी गैर-संचारी बीमारियों (NCD) की समय पर पहचान, रोकथाम और उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से Centre for Research in Schemes and Policies (CRISP) द्वारा मध्यप्रदेश शासन के स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से संचालित SUHAAS (SUHAAS) परियोजना का शुभारंभ अब बालाघाट जिले में किया गया है। जिले के लांजी विकासखंड को इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चयनित किया गया है।

परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सोमवार 27 जुलाई को कलेक्टर श्री मृणाल मीणा की अध्यक्षता में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में ष्टक्रढ्डस्क्र के संस्थापक सदस्य एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी श्री राधेश्याम जुलानिया तथा परियोजना के सलाहकार श्री मनोहर अगनानी ने स्वास्थ्य विभाग, आजीविका मिशन, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ), आशा कार्यकर्ताओं एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को परियोजना की कार्यप्रणाली एवं उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी।

श्री राधेश्याम जुलानिया ने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्वयं सहायता समूह की दीदियाँ, आशा कार्यकर्ता एवं सीएचओ संयुक्त रूप से 'Know Your Family' अभियान संचालित करेंगे। इसके तहत प्रत्येक परिवार तक पहुंचकर घर-घर स्वास्थ्य सर्वे एवं स्क्रीनिंग की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी परिवार इस अभियान से वंचित नहीं रहना चाहिए। यदि किसी पंचायत में स्क्रीनिंग पूरी करने में अधिक समय लगे तो अवधि बढ़ाई जा सकती है, लेकिन प्रत्येक परिवार की स्क्रीनिंग अनिवार्य रूप से पूरी की जाए।

उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों में लगभग 45 दिनों के भीतर स्क्रीनिंग अभियान पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के दौरान लोगों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, तंबाकू एवं नशे से दूरी तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए भी जागरूक किया जाएगा।



परियोजना के शुभारंभ के साथ ही आज SUHAAS परियोजना के अंतर्गत लांजी विकासखंड की छह ग्राम पंचायतों—बड़गांव (म), देवलगांव, केरेगांव, दहेगांव, फोफसा एवं साडरा में गैर-संचारी रोगों (NCD) की रोकथाम एवं नियंत्रण के उद्देश्य से जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। इन कार्यशालाओं में आशा कार्यकर्ताओं, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं एवं ग्रामीणों को घर-घर सर्वेक्षण, स्क्रीनिंग प्रक्रिया, समय पर जांच एवं उपचार तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यशाला में बताया गया कि मध्यप्रदेश में SUHAAS परियोजना का सफल संचालन सबसे पहले मुरैना जिले में किया गया। इसके सकारात्मक परिणामों को देखते हुए अब इसका विस्तार बालाघाट जिले में किया जा रहा है। परियोजना की शुरुआत लांजी विकासखंड से होगी, जिसके बाद चरणबद्ध तरीके से जिले के अन्य विकासखंडों में भी इसका विस्तार किया जाएगा।

### 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की होगी स्क्रीनिंग

परियोजना सलाहकार श्री मनोहर अगनानी ने बताया कि स॒ास परियोजना के अंतर्गत 30 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी व्यक्तियों की मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप की जांच की जाएगी। स्क्रीनिंग के दौरान चिन्हित सभी हितग्राहियों का विवरण एनसीडी (NCD) पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा, ताकि उनका नियमित फॉलोअप और उपचार सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंष्ठने बताया कि उच्चा रक्ताचाप एक साईलेंस किलर है। अत: 30 वर्ष से अधिक की आयु के सभी लोगों को इसकी नियमित रूप से जांच करना चाहिए और दवायें लेना चाहिए।

# कारगिल विजय दिवस पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में निकली विजय तिरंगा रैली

**नवभारत, बालाघाट।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट में सोमवार को विशाल विजय तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए युवाओं में राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और देश के वीर सैनिकों के प्रति सम्मान का संदेश दिया गया।



महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व प्रशासनिक अधिकारी प्रो. परस राम ठाकरे, राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. डुलेश्वरी टेम्भरे तथा कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सुखचंद्र ऐड़े ने किया।

रैली का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे ने हाथ में तिरंगा ध्वज लेकर किया। इस दौरान 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम्', 'कारगिल के अमर शहीदों की जय' और 'कारगिल के जवानों का बलिदान, याद करेगा हिंदुस्तान' जैसे गगनभेदी नारों से महाविद्यालय परिसर एवं नगर राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग गया।

महाविद्यालय से प्रारंभ हुई रैली अंबेडकर चौक, काली पुतली चौक सहित नगर के प्रमुख मार्गों और चौराहों से होकर निकली। हाथों में तिरंगा थामे छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ देशभक्ति का संदेश दिया। डीजे पर बजते देशभक्ति गीतों और जोशपूर्ण नारों ने पूरे नगर में देशप्रेम का वातावरण बना दिया। मार्ग में नागरिकों ने भी रैली का स्वागत करते हुए कारगिल के वीर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन किया।

कार्यक्रम का समापन महाविद्यालय परिसर में सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम' के गायन के साथ हुआ। बारिश के बावजूद विद्यार्थियों का उत्साह कम नहीं हुआ और उन्होंने पूरे जोश के साथ रैली में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पी.एस. कातुलकर, डॉ. सीमा श्रीवास्तव, डॉ. कंचन मसराम, डॉ. उषा सिंह, डॉ. पंचारिया, डॉ. गोहे, डॉ. शिव, एनसीसी अधिकारी डॉ. गजानन कटरे, श्री राकेश पटले, डॉ. रचना कोरी, डॉ. डहाटे, डॉ. ताराचंद बड़घैया सहित महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

महाविद्यालय परिवार ने कारगिल युद्ध के अमर शहीदों के अदम्य साहस, त्याग और बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा राष्ट्रहित और राष्ट्रीय एकता के लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया।

**एक नजर में**

### 6 राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए आवेदन की तिथि बढ़ाई

**बालाघाट।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वर्ष 2025 के राज्य और जिला स्तरीय पुरस्कारों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 31 अगस्त 2026 कर दिया गया है ।विभाग को पूर्व में तय समय-सीमा के भीतर बेहद कम संख्या में आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसके चलते जमीनी स्तर पर काम करने वाले वास्तविक हकदारों तक पहुँचने के उद्देश्य से आवेदन की तिथि बढ़ा दी गयी है। कुल छह अलग-अलग श्रेणियों में राज्य और जिला स्तर पर पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इसमें विजेताओं को एक लाख रुपये तक की सम्मान निधि और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया जाता है। इसके तहत बाल विवाह और दहेज जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने तथा पीड़ितों के पुनर्वास में योगदान देने वाली बालिकाओं और महिलाओं को 'रानी अवंती बाई राज्य स्तरीय वीरता पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, साक्षरता और पर्यावरण सुधार के क्षेत्र में प्रमाणिक कार्य करने वाली महिलाओं को 'राजमाता विजयाराजे सिंधिया समाज सेवा पुरस्कार' दिया जाएगा, जबकि इसी कार्य क्षेत्र में सक्रिय पुरुषों और स्वयंसेवी संस्थाओं (ह्नत्नह्र) के लिए 'श्री विष्णु कुमार महिला बाल कल्याण समाज सेवा' सम्मान से पुरस्कृत किया जायेगा।

### सूने मकान में चोरों का धावा

**जबलपुर ।** गोहलपुर थाना अंतर्गत अमन नगर में चोरों ने सूने मकान में धावा बोलते हुए गृहस्थी समेत अ न्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस के मुताबिक रविवार शाम मुदस्सिर अली 38 वर्ष निवासी नई बस्ती गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह एमआर का काम करता है उसका एक मकान अमन नगर फेस 2 स्ट्रीट नम्बर 1 में है जो मकान उसके भाई डॉ. इमरान अली एवं मां खुदेजा बानों के नाम पर है मकान की देखरेख वह करता है। सुबह लगभग 8 बजे जाकर देखा मकान के बाहर लगा ताला टूटा था अंदर देखा फ्रिज, कूलर, गीजर, बर्तन, फेन, बच्चे की इलेक्ट्रानिक बड़ी कार, केबल तार, प्लबिंग फिटिंग, लोहे की सीढ़ी तथा अन्य घरेलू सामान नहीं था। अज्ञात चोर सूने मकान का ताला तोड़कर घर में घुसकर लगभग उपरोक्त सामग्री लगभग 60 हजार रूपये की चोरी कर ले गया।

## आयोग के हस्तक्षेप से उपभोक्ता को मिली नई 65 इंच की एलईडी टीवी

**नवभारत, बालाघाट।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग, बालाघाट के हस्तक्षेप से उपभोक्ता शाहनाज कुरेशी को नई 65 इंच की एलईडी टीवी उपलब्ध कराई गई। आयोग के समक्ष दर्ज प्रकरण में सुनवाई के बाद संबंधित कंपनी द्वारा समझौते के तहत नई टीवी प्रदान कर मामले का निराकरण किया गया।

जानकारी के अनुसार, शाहनाज कुरेशी ने वर्ष 2021 में 65 इंच की एलईडी टीवी 60 हजार रुपये में खरीदी थी। वारंटी अवधि के दौरान टीवी में खराबी आने पर उन्होंने विक्रेता एवं कंपनी से कई बार संपर्क किया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। इसके बाद उन्होंने 8 अप्रैल 2026 को जिला उपभोक्ता आयोग में सेवा में कमी का मामला दर्ज कराया। प्रकरण में नई टीवी अथवा कीमत वापस करने के साथ मानसिक, शारीरिक एवं वाद व्यय की मांग की गई थी।

सुनवाई के दौरान विक्रेता उपस्थित नहीं हुआ, जबकि टीवी निर्माता कंपनी ने आयोग के समक्ष उपस्थित होकर समझौता किया। कंपनी ने उपभोक्ता को 79,260 रुपये मूल्य की नई 65 इंच की एलईडी टीवी एक वर्ष की वारंटी सहित प्रदान की।

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग के अध्यक्ष उपेन्द्र कुमार सोनकर, वरिष्ठ न्यायिक सदस्य डॉ. महेश कुमार चांडक तथा सदस्य श्रीमती हर्षा विजयवार की पीठ के समक्ष प्रकरण का निराकरण हुआ।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से रूबरू हुए बालाघाट के युवा

**विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम में लिया हिस्सा**

**नवभारत, बालाघाट।** माय भारत (मेरा युवा भारत), युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में संचालित विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के 21 युवाओं ने रविवार को कलेक्टर कार्यालय बालाघाट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार के निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में किया गया।



युवाओं का उत्साहवर्धन करने के लिए कलेक्टर श्री मृणाल मीना स्वयं कार्यक्रम में उपस्थित रहे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश के 245 जिलों के प्रतिभागियों में से चयनित युवाओं को प्रधानमंत्री के समक्ष अपने अनुभव साझा करने का अवसर मिला।

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों के गांवों को देश का आखिरी गांव नहीं, बल्कि पहला गांव मानने की सोच विकसित करनी होगी। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए देश के विकास और सीमावर्ती क्षेत्रों के सशक्तीकरण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को भी राष्ट्रसेवा की इसी भावना के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया एवं केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती रक्षा निखिल खड़से भी शामिल रहीं।

## गोदरी वॉटरफॉल में प्रवेश पर प्रतिबंध, एसडीएम ने जारी किया आदेश

**नवभारत, बालाघाट।** मानसून के दौरान संभावित दुर्घटनाओं को रोकने और जनसुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किरनापुर अनुविभाग के गोदरी वॉटरफॉल क्षेत्र में आम नागरिकों और पर्यटकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) किरनापुर श्री आदित्य नारायण तिवारी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता , 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है।

जारी आदेश में बताया गया है कि लगातार हो रही वर्षा के कारण गोदरी जलप्रपात का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। जलप्रपात के आसपास की चट्टानें अत्यधिक फिसलन भरी हो गई हैं तथा पानी का बहाव भी अत्यंत तेज है। पूर्व के अनुभवों के आधार पर यह पाया गया है कि बड़ी संख्या में पर्यटक और स्थानीय लोग यहां पिकनिक, स्नान और सेल्फी लेने के लिए पहुंचते हैं, जिससे दुर्घटनाओं और जनहानि की आशंका बनी रहती है।

आदेश के अनुसार गोदरी जलप्रपात एवं उसके उद्गम से बहाव क्षेत्र के 1000 मीटर के दायरे में आम नागरिकों, पर्यटकों एवं समूहों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ ही जलप्रपात में स्नान, तैराकी, चट्टानों पर बैठकर पिकनिक मनाना, शराब का सेवन करना तथा किसी भी प्रकार की फोटोग्राफी एवं सेल्फी लेना भी प्रतिबंधित किया गया है।

एसडीएम श्री तिवारी ने ग्राम पंचायत, वन विभाग एवं पुलिस विभाग को जलप्रपात की ओर जाने वाले मार्गों पर चेतावनी बोर्ड लगाने तथा आवश्यकतानुसार बैरिकेडिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। यह आदेश 27 जुलाई 2026 से आगामी दो माह अथवा मानसून सत्र की समाप्ति तक प्रभावी रहेगा, जब तक इसे पूर्व में वापस नहीं लिया जाता।

आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता , 2023 की धारा 223 तथा अन्य प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के तहत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश का पालन करें और वर्षा ऋतु के दौरान गोदरी वॉटरफॉल क्षेत्र में जाने से बचें।

## ब्लैकमेल कर तलाक का बनाया दबाव, वायरल की अश्लील तस्वीरें

**नवभारत, जबलपुर।** हनुमानताल थाना क्षेत्र में एक सहेली के पति ने पारिवारिक संबंधों का फायदा उठाकर महिला की अस्मत से खिलवाड़ किया। आरोपी ने महिला की आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो बनाकर उसे अपने पति से तलाक लेने के लिए मजबूर किया। जब महिला ने घुटने टेकने से इनकार कर दिया, तो आरोपी ने वे तस्वीरें उसके पति, देवर और ससुराल वालों को भेज दीं। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, पीड़ित 34 वर्षीय महिला का पति काम के सिलसिले में शहर से बाहर रहता है। घर पर महिला अकेली रहती थी, जिसका फायदा उठाकर उसकी सहेली और सहेली का पति अनवार अंसारी अक्सर वहां आने-जाने लगे। इसी दौरान अनवार ने महिला से नजदीकियां बढ़ाईं और चुपके से उसकी कुछ बेहद आपत्तिजनक तस्वीरें खींच लीं और वीडियो रिकॉर्ड कर लिए। इसके बाद आरोपी अनवार ने अपना असली रंग दिखाना शुरू कर दिया। वह महिला पर लगातार बातचीत करने और संबंध बनाने का दबाव डालने लगा। जब महिला ने इसका विरोध किया, तब आरोपी ने उसे तस्वीरें दिखाकर ब्लैकमेल करना शुरू किया। महिला ने रोते हुए तस्वीरें डिलीट करने की गुहार लगाई, लेकिन आरोपी का दिल नहीं पसीजा। उसने महिला के सामने शर्त रख दी कि वह अपने पति को तुरंत तलाक दे दे। जब महिला ने उसकी बात मानने से साफ इनकार कर दिया, तो अनवार ने उसे समाज में बर्बाद करने की धमकी दी। आरोपी ने सबसे पहले महिला के चरित्र को लेकर पूरे मोहल्ले में अनर्गल और झूठी बातें फैलाईं। इसके बाद उसने वे तस्वीरें महिला के ससुराल वालों को दिखा दीं। ससुराल में हुए भारी विवाद के बाद पीड़िता को मजबूरन अपना घर छोड़कर मायके जाना पड़ा।

## टिकट काट रहे कर्मचारी पर चढ़ाई बाइक

**नवभारत,जबलपुर।** कटंगी थाना अंतर्गत निदान फाल गेट के पास गाड़ियों के आने जाने की टिकिट काट रहे टिकिट काउण्टर कर्मचारी पर बदमाश ने बाइक चढ़ा दी । विरोध करने पर आरोपी ने साथियों के साथ मिलकर उसकी पिटाई कर दी। बीच बचाव करने उसका भाई आया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। पुलिस के मुताबिक गोविन्द राजपूत 42 वर्ष निवासी पंचमपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह निदान फाल में टिकिट काउण्टर में काम करता है। रविवार दोपहर लगभग 3-15 बजे निदान फाल गेट के पास गाड़ियों के आने जाने की टिकिट काट रहा था तभी मझगवां पौड़ी निवासी शिवा ठाकुर मोटर सायकल से आया और उसके दाहिने पैर के पंजे पर मोटर सायकल का टायर उसके पैर के पंजे में चढ़ा दिया, उसने कहा कि गाड़ी देखकर चलाओ, इसी बात पर शिवा ठाकुर विवाद करने लगा तभी शिवा ठाकुर के साथी अमित ठाकुर और भूपेन्द्र ठाकुर आकर उससे मारपीट करने लगे उसका छोटा भाई गोपाल सिह राजपूत बीच बचाव करने आया तो भाई को लाठी से मारपीट किये, शिवा ठाकुर के अन्य दोस्त भी आये और उससे एवं उसके भाई को धमकी दी अैर भाग गए।

# 8 जिलों की उभरती प्रतिभाएं दिखाएंगी जौहर

**तिरोड़ी में फुटबॉल का महाकुंभ प्रारंभ**

**नवभारत कटंगी 27 जुलाई।** खेल के मैदान पर अब तिरोड़ी की गूंज सुनाई देगी। मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में पहली बार एमपी जूनियर ब्वॉयज स्टेट फुटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन तिरोड़ी में हो रहा है।



क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी के मार्गदर्शन में 27 जुलाई से 5 अगस्त तक चलने वाले इस टूर्नामेंट के लिए स्टेडियम ग्राउंड पूरी तरह तैयार है। प्रदेश के 8 जिलों की उभरती प्रतिभाएं यहां अपना जौहर दिखाएंगी। आयोजकों का कहना है कि इस प्रतियोगिता का मकसद सिर्फ जीत-हार नहीं है। युवाओं में खेल के प्रति रुचि, अनुशासन और टीम भावना जगाना है। लीग मुकाबले 1 अगस्त तक चलेंगे। 3 अगस्त को सेमीफाइनल और 5 अगस्त को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

**खेल के क्षेत्र में मिलेगी नई पहचान** -पहली बार राज्य स्तरीय आयोजन होने से तिरोड़ी क्षेत्र को खेल के नक्शे पर नई पहचान मिलेगी। स्थानीय लोगों में भी काफी उत्साह है। प्रथम दिन मैच का शुभारंभ कटंगी एस डी एम के सी ठाकुर तिरोडी तहसील दार गीता राहंगडाले सरपंच प्रतिनिधि फिरोज खान और अन्य गणमान्य अतिथियों के हस्ते प्रारंभ हुआ मैच के पहले दौर में सिंगरोली और शहडोल के बीच रोमांचक मैच में तीन गोल से शहडोल ने जीत हासिल की है।

**लहराया परचम** | 602 अंक हासिल कर एमबीबीएस में बनाया स्थान

## नीट में मॉडल स्कूल बिरसा की पूर्व छात्रा नीति बिसेन ने लहराया परचम

**नवभारत, बालाघाट।** शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल बिरसा की पूर्व छात्रा कु. नीति बिसेन ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (NEET) 2026 में 602 अंक प्राप्त कर जिले और विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस सफलता से विद्यालय परिवार और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।




नीति बिसेन ने कक्षा 10वीं के बाद मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी सुपर-100 योजना के तहत चयनित होकर शासकीय मल्हाराश्रम विद्यालय, इंदौर में कक्षा 11वीं एवं 12वीं की पढ़ाई के साथ नीट परीक्षा की विशेष तैयारी की। शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अपनी मेहनत, अनुशासन तथा समर्पण के बल पर उन्होंने नीट में 602 अंक अर्जित कर प्रदेश के प्रतिष्ठित शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में एमबीबीएस में प्रवेश सुनिश्चित किया।

अपनी सफलता के बाद नीति बिसेन अपने माता-पिता के साथ शासकीय मॉडल स्कूल बिरसा पहुँचीं, जहाँ विद्यालय परिवार ने उनका आत्मीय स्वागत और सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने अपने गुरुजनों का आशीर्वाद लिया और विद्यार्थियों के साथ अपनी सफलता की प्रेरक यात्रा साझा की।

गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित प्रेरक संवाद में नीति बिसेन ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन, आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति समर्पण का महत्व बताया। उन्होंने मोबाइल फोन का सकारात्मक एवं सीमित उपयोग करने, प्रतियोगी परीक्षाओं की सुनियोजित तैयारी करने तथा समय प्रबंधन को सफलता की अहम कुंजी बताया। कार्यक्रम में विद्यालय की एक अन्य पूर्व छात्रा कु. आसमा राहंगडाले, जो वर्तमान में दिल्ली विश्वविद्यालय में अध्ययनरत हैं, ने भी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, करियर निर्माण, व्यक्तित्व विकास और सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से शासन की विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया।

## वन स्टॉप सेंटर में बीएचएमएस विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित

**महिलाओं को प्रदान की जाने वाली सहायता एवं कार्यप्रणाली की मिली विस्तृत जानकारी**

**नवभारत, बालाघाट।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर में एस.एम. देव होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, सरदार पटेल कैंपस के बीएचएमएस द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। यह भ्रमण विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम में शामिल फॉरेंसिक मेडिसिन एवं टॉक्सिकोलॉजी विषय के व्यावहारिक अध्ययन के उद्देश्य से संपन्न हुआ।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली, कार्यालयीन प्रक्रिया तथा हिंसा से पीड़ित महिलाओं को उपलब्ध कराई जाने वाली समेकित सहायता की जानकारी दी गई। उन्हें मनोवैज्ञानिक परामर्श, कानूनी सहायता, चिकित्सकीय सेवाएं, पुलिस समन्वय एवं अस्थायी आश्रय जैसी सुविधाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।




इस अवसर पर विद्यार्थियों को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन-181 तथा जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन (ष्ठ॥श्वङ्ख) की भूमिका, उद्देश्य एवं महिलाओं के सशक्तिकरण में उनके योगदान की जानकारी भी प्रदान की गई।

शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि किसी पीड़ित महिला का प्रकरण प्राप्त होने से लेकर पंजीयन, आवश्यक सेवाओं से जोड़ने, परामर्श, विभिन्न विभागों के साथ समन्वय तथा फॉलो-अप तक की पूरी प्रक्रिया किस प्रकार संचालित की जाती है। साथ ही वन स्टॉप सेंटर की वास्तविक कार्यप्रणाली से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई।

विद्यार्थियों ने महिला सुरक्षा, घरेलू हिंसा, लैंगिक अपराधों, पीड़ित सहायता तंत्र एवं वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा विस्तारपूर्वक समाधान किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को विषय की व्यावहारिक समझ विकसित करने तथा महिला सुरक्षा एवं सहायता तंत्र को निकट से जानने का अवसर प्राप्त हुआ।